त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने मौसम को देखते हुये निराश्रित बालगृह के लिये रजाई-गद्दे भेजे</u>

लखनऊः 4 नवम्बर , 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक की ओर से उनके अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव ने उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित लीलावती मुंशी निराश्रित बालगृह तथा वृद्ध एवं निराश्रित महिलाश्रम के लिये दस-दस तख्त, रजाई, गद्दा तथा चादरें भेंट की। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद के पदेन अध्यक्ष भी हैं। अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव ने बालगृह का निरीक्षण किया तथा बच्चों से बात करके उनकी शिक्षा, खान-पान आदि की भी जानकारी ली।

अंजुम/ललित/राजभवन (430/11)